कार्यवाही ▶ अवैध कोयला उत्खनन पर बुढ़ार पुलिस की बड़ी कार्यवाही

# जेसीबी, ट्रैक्टर और मोटर पंप जब्त, माफिया पर कसा शिकंजा



**नवभारत, बुढ़ार।** जिले में अवैध खनिज उत्खनन और खनिज माफियाओं के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बुढ़ार पुलिस ने बड़ी एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए अवैध कोयला उत्खनन के एक संगठित नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस की इस कार्यवाही से अवैध खनन में संलिप्त तत्वों में हड़कंप मच गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना बुढ़ार पुलिस को मुखबिर तंत्र से विश्वसनीय सूचना मिली थी कि लालपुर जमुनिहा नदी के किनारे कुछ लोगों द्वारा मशीनों की सहायता से अवैध रूप से कोयले का उत्खनन किया जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी बुढ़ार के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया और तत्काल मौके पर दबिश दी गई।

पुलिस टीम जब घटनास्थल पर पहुंची तो वहां बड़े पैमाने पर अवैध खनन कार्य संचालित पाया गया। कार्यवाही के दौरान अवैध उत्खनन में प्रयुक्त एक जेसीबी मशीन, एक ट्रैक्टर तथा पानी निकासी के लिए उपयोग में लाया जा रहा मोटर पंप जब्त किया गया। पुलिस की अचानक हुई कार्यवाही के दौरान मौके पर मौजूद आरोपी अंधेरे और जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गए।

### प्रकरण दर्ज, फरार आरोपियों की तलाश जारी

पुलिस द्वारा जब्त किए गए सभी उपकरणों को विधिवत कब्जे में लेकर संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। फरार आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है तथा मामले की विस्तृत विवेचना जारी है। अधिकारियों का कहना है कि अवैध खनन और खनिज तस्करी में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। जिले में इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्णत: अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जाएगा। इस पूरी कार्यवाही में थाना प्रभारी बुढ़ार के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक चेतराम, आरक्षक गोपाल तथा आरक्षक शिवरतन की विशेष एवं सराहनीय भूमिका रही। *किसी भी तरह की आवाज गतिविधियों व गैर कानूनी कार्यों को पनपन नहीं दिया जाएगा इस तरह की अवैध गतिविधियों की जानकारी बुढार पुलिस को प्राप्त होती है तो मौके पर जाकर तुरंत वैधानिक करवाई की जाती है वह आगे भी इस तरह की गतिविधियों को पर अपने नहीं दिया जाएगा।

**विनय सिंह अहिरवार थाना प्रभारी बुढार**

# ग्राम चोरमरा में पेड़ गिरने से किसान की दर्दनाक मौत

▶ थाना प्रभारी राजकुमार मिश्रा ने टीम के साथ संभाला मोर्चा



**नवभारत, गोहपारू।** शहडोल जिले के गोहपारू थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम चोरमरा में आज एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। अपने ही खेत में पेड़ काट रहे एक व्यक्ति की, पेड़ के नीचे दब जाने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुँचकर आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी है।

### काम के दौरान हुआ हादसा

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम चोरमरा निवासी हीरालाल साहू (पिता सुद्धा साहू), उम्र लगभग 40 वर्ष, आज अपने निजी खेत में एक पेड़ की कटाई कर रहे थे। इसी दौरान अचानक पेड़ का संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे हीरालाल के ऊपर जा गिरा। भारी-भरकम पेड़ के नीचे दबने के कारण उन्हें संभलने का जरा भी मौका नहीं मिला और मौके पर ही उन्होंने अंतिम सांस ली।

### जांच में जुटी पुलिस

पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। हीरालाल साहू की अचानक हुई इस मौत से ग्राम चोरमरा में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### थाना प्रभारी की त्वरित कार्रवाई

हादसे की खबर मिलते ही गोहपारू थाना प्रभारी राजकुमार मिश्रा अपनी पुलिस टीम के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। थाना प्रभारी ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्वयं मोर्चा संभाला और पुलिस बल की मदद से शव को पेड़ के नीचे से बाहर निकलवाया। ग्रामीणों ने थाना प्रभारी राजकुमार मिश्रा और उनकी टीम की इस सक्रियता की सराहना की है, जिन्होंने सूचना मिलने के चंद मिनटों के भीतर मौके पर पहुँचकर वैधानिक प्रक्रियाओं को गति दी और शोकाकुल परिवार को प बंधाया।

# विद्युत वितरण केंद्र गोहपारू की कार्यशैली पर ग्रामीणों ने उठाए सवाल

▶ सरकारी कार्रवाई या गुंडागर्दी



**नवभारत, शहडोल।** मलमाथर क्षेत्र में बिजली बिल वसूली को लेकर एक बार फिर विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में आ गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि श्रीनिवास पटेल के नेतृत्व में पहुंची वसूली टीम के साथ कई ऐसे स्थानीय एवं कथित प्राइवेट लोग मौजूद थे, जो विभाग के नियमित कर्मचारी नहीं बताए जा रहे। इस पूरी कार्रवाई के बाद गांव में भय और आक्रोश का माहौल बन गया है ग्रामीणों का कहना है कि बिजली बिल वसूली के नाम पर कुछ लोग घरों में जबरन प्रवेश करने, डराने-धमकाने तथा सामान जब्ती का दबाव बनाने जैसी गतिविधियां करते दिखाई दिए। लोगों ने सवाल उठाया कि क्या किसी सरकारी विभाग को इस प्रकार बाहरी लोगों के सहारे कार्रवाई करने की अनुमति है।

क्षेत्रीय नागरिकों ने आरोप लगाया कि विभाग के साथ घूम रहे कुछ व्यक्तियों का कोई सार्वजनिक चरित्र सत्यापन सामने नहीं है। ग्रामीणों के अनुसार, ऐसे लोगों की पहचान और नियुक्ति को लेकर विभाग कभी स्पष्ट जानकारी नहीं देता। यही कारण है कि गांव में महिलाओं और बुजुर्गों के बीच असुरक्षा और भय का वातावरण बनता जा रहा है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि विभाग की कार्रवाई अक्सर उन्हीं उपभोक्ताओं के खिलाफ ज्यादा सख्त दिखाई देती है, जो बिजली कटौती, बार-बार ट्रिपिंग, खराब व्यवस्था या विभागीय अनियमितताओं की शिकायत उच्च अधिकारियों तक पहुंचाते हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि आम उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करने के बजाय दबाव बनाकर वसूली को प्राथमिकता दी जा रही है। अब क्षेत्र की जनता प्रशासन और उच्च अधिकारियों से मांग कर रही है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यह स्पष्ट किया जाए कि वसूली टीम के साथ मौजूद लोग अधिकृत कर्मचारी थे या निजी व्यक्ति। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सरकारी कार्रवाई के नाम पर भय का वातावरण बनाया जाएगा, तो जनता का भरोसा पूरी तरह टूट जाएगा। सबसे बड़ा सवाल अब यही है कि क्या बिजली विभाग जनता की सेवा के लिए है, या फिर आम नागरिकों पर दबाव बनाने का माध्यम बनता जा रहा है।

# मारा गांव संगठन मप्र की प्रदेश कार्यसमिति बैठक आयोजित

▶ संगठन को और अधिक सशक्त बनानें लिया गया सर्वसम्मति से निर्णय




**नवभारत, बुढार।** हमारा गांव संगठन मध्यप्रदेश की प्रदेश कार्य समिति की बैठक मोती गार्डन बुढार में विकास खंड स्तरीय आयोजित की गई जिसमें हमारा गांव संगठन के प्रदेश संयोजक दुर्गेश धुर्वे ने संगठन के रीति नीति की जानकारी संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं को विस्तार पूर्वक अवगत कराया और संगठन के संविधान अनुरूप दायित्वों के निर्वहन की आकांक्षा व्यक्त की गई।

संगठन की आहुत बैठक अवसर पर सदस्य रवि जी नें संगठन के उद्देश्य तथा शासकीय योजना हमारा अधिकार को विस्तार पूर्वक अवगत कराया और अपनें उद्बोधन में कहाकि - भारत सरकार और मध्य प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजना का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राहियों को षासन की मंसानुरूप मिले इस दिषा में संगठन के सदस्य सार्थक पहल करें, जो संगठन का मुख्य उद्देष्य है।

बैठक के द्वितीय सत्र में प्रदेश संस्कृति एवं रीति रिवाज प्रमुख महादेव बारस्कर ने आदिवासी समुदाय के संस्कृति के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये कहाकि - हम सभी की जिम्मेदारी है कि समाज के संस्कृति को जीवंत बनाये रखना। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं आरटीआई प्रमुख जितेंद्र सिंह मरकाम ने समाज के प्रति चिंता व्यक्त करते हुये कहाकि - आज के बदलते हुए परिवेश में आदिवासी समाज अपनी परंपरा भूलता जा रहा है, जिसका आगामी परिणाम अच्छा प्रतीत नहीं होगा, इस संगठन को ससक्त की दिषा में सार्थक कदम उठाने की आवष्यक्ता है। उन्होनें उमरिया जिले में आवास घोटाले पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं होने पर चिन्ता जाहिर की। बैठक के अंतिम सत्र में रवि जी एवं दुर्गेश धुर्वे ने नर्मदापुरम जिले के वन अधिकारी एसडीओ द्वारा दो आदिवासीयों को बंधक बनाकर मारपीट करने के विरोध में निंदा प्रस्ताव पारित कर प्रत्येक जिले में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन देने का निर्णय लिया साथ ही आगामी कार्य योजना की रणनीत का निर्धारण किये। बैठक में प्रदेश संयोजक दुर्गेश धुर्वे प्रदेश, अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, प्रदेश संस्कृति एवं रीति रिवाज प्रमुख महादेव बारस्कर, योजना प्रमुख शिवकुमार कुंजाम प्रदेश मीडिया प्रमुख विकास सेलुकर सहित जिला संयोजक, जिला अध्यक्ष ब्लॉक पदाधिकारियों की विषिष्ट उपस्थिति रही। बैठक में संगठन के नवीन दायित्व की घोषणा की गई जिसमें जितेंद्र सिंह मरकाम को प्रदेश अध्यक्ष, सूर्यपाल सिंह आर्मो जिला अध्यक्ष उमरिया, करन चढ़ोकर कार्यकारी अध्यक्ष बैतूल, पवन धुर्वे जिला मीडिया प्रभारी बैतूल, प्रमोद धुर्वे ब्लॉक अध्यक्ष तामीया, शैल भारती अध्यक्ष हर्राई, टिका परस्ते ब्लॉक संयोजक शाहपुरा, भारत सिंह मरावी अध्यक्ष शाहपुरा, हीरा धुर्वे ब्लॉक आरटीआई प्रमुख, रघुवीर परस्ते ब्लॉक संस्कृति एवं रीति रिवाज प्रमुख, सुरेंद्र सिंह मशराम ब्लॉक कोषाध्यक्ष पाली, समहारु सिंह ब्लॉक अध्यक्ष गोहपारू, रामकिशोर सिंह ब्लाक अध्यक्ष बुढार, गेंदलाल सिंह मरावी आरटीआई प्रमुख बुढार को उपरोक्त दायित्व प्रदान किया गया है।

# मुख्य महाप्रबंधक के नेतृत्व में नई ऊंचाइयों को छू रहा एसईसीएल सोहागपुर एरिया

▶ अप्रैल में लगभग 20 करोड़ रुपये के लाभ के साथ उत्पादन के क्षेत्र में रचा नया कीर्तिमान



**नवभारत, धनपुरी।** दक्षिण पूर्वी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) का सोहागपुर एरिया आज अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली, योजनाबद्ध संचालन और निरंतर बढ़ते कोयला उत्पादन के कारण पूरे क्षेत्र में सफलता का नया अध्याय लिख रहा है। अप्रैल माह में लगभग 20 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित कर सोहागपुर एरिया ने यह सिद्ध कर दिया है कि सुदृढ़ नेतृत्व, श्रमिकों की अथक मेहनत और दूरदर्शी रणनीति के बल पर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के पीछे सोहागपुर एरिया के मुख्य महाप्रबंधक श्री बी.के. जेना का कुशल नेतृत्व, सशक्त प्रबंधन क्षमता और कर्मठ कार्यशैली प्रमुख आधार बनकर उभरी है। उनके मार्गदर्शन में एरिया की सभी भूमिगत खदानें आधुनिक सीएम (कंटीन्यूअस माइनर) प्रोजेक्ट के माध्यम से सफलतापूर्वक संचालित हो रही हैं, जिससे उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। सोहागपुर एरिया अंतर्गत संचालित दो ओपन कास्ट खदानें भी लगातार उत्पादन के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। योजनाबद्ध खनन, संसाधनों का संतुलित उपयोग और सुरक्षा मानकों के प्रति गंभीर प्रतिबद्धता ने एरिया को उत्पादन लक्ष्य से कहीं अधिक उपलब्धि दिलाई है। यही कारण है कि सोहागपुर एरिया आज एसईसीएल के प्रमुख उत्पादन क्षेत्रों में अपनी सशक्त पहचान बना चुका है। मुख्य महाप्रबंधक बी.के. जेना ने जिस दूरदृष्टि और अनुशासन के साथ कार्य प्रणाली को गति दी है, उसका सकारात्मक प्रभाव पूरे एरिया में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। उन्होंने उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ कर्मचारियों की सुरक्षा, मशीनों के बेहतर रखरखाव, तकनीकी नवाचार और कार्यस्थल की व्यवस्थाओं को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दी। परिणामस्वरूप श्रमिकों का मनोबल लगातार ऊंचा हुआ और उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि संभव हो सकी। क्षेत्र के कर्मचारियों और अधिकारियों का कहना है कि श्री जेना सदैव टीम भावना के साथ कार्य करने में विश्वास रखते हैं। वे प्रत्येक कर्मचारी की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हैं तथा त्वरित समाधान सुनिश्चित करते हैं। यही कारण है कि उनके नेतृत्व में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ एरिया को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में जुटे हुए हैं। सोहागपुर एरिया की सफलता केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रबंधन और श्रमिकों के सामूहिक प्रयासों की प्रेरणादायी गाथा बन चुकी है। उत्पादन लक्ष्य से अधिक उपलब्धि प्राप्त करना यह दर्शाता है कि एरिया में कार्य संस्कृति कितनी मजबूत और अनुशासित हो चुकी है। कोयला उत्पादन में निरंतर वृद्धि से न केवल एसईसीएल को आर्थिक मजबूती मिली है, बल्कि ऊर्जा क्षेत्र को भी स्थायित्व प्रदान हुआ है। विशेषज्ञों का मानना है कि वर्तमान समय में जब औद्योगिक क्षेत्र अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब सोहागपुर एरिया की यह उपलब्धि प्रबंधन दक्षता और सकारात्मक नेतृत्व का उत्कृष्ट उदाहरण है। मुख्य महाप्रबंधक बी.के. जेना ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि नेतृत्व दूरदर्शी हो और कार्य प्रणाली योजनाबद्ध तरीके से संचालित की जाए, तो कठिन से कठिन लक्ष्य भी सहजता से प्राप्त किए जा सकते हैं।आज सोहागपुर एरिया का नाम एसईसीएल के सफलतम क्षेत्रों में सम्मानपूर्वक लिया जा रहा है। एरिया की निरंतर प्रगति, उत्पादन में वृद्धि और आर्थिक उपलब्धियां यह प्रमाणित करती हैं कि मुख्य महाप्रबंधक बी.के. जेना का नेतृत्व वास्तव में एरिया के लिए वरदान साबित हुआ है।

## पं. शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय ने जारी की आवेदन तिथियां

**नवभारत, शहडोल।** पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक प्रथम वर्ष नियमित एवं स्वाध्यायी विद्यार्थियों हेतु परीक्षा आवेदन एवं परीक्षा कार्यक्रम की महत्वपूर्ण तिथियाँ घोषित कर दी गई हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार विद्यार्थियों के नामांकन एवं परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया 12 मई 2026 से प्रारंभ होकर 23 मई 2026 तक संचालित की जाएगी। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि स्नातक प्रथम वर्ष के स्वाध्यायी विद्यार्थियों को नामांकन एवं परीक्षा फॉर्म दोनों प्रक्रियाएँ पूर्ण करनी होंगी, जबकि नियमित विद्यार्थियों को केवल परीक्षा फॉर्म भरना अनिवार्य रहेगा। विश्वविद्यालय द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार नियमित एवं स्वाध्यायी विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र 26 मई 2026 से उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके पश्चात स्नातक प्रथम वर्ष की परीक्षाएँ 5 जून 2026 से प्रारंभ होंगी।

# ग्राम मलमाथर में पेड़ काटते समय बड़ा हादसा

▶ डायल 112 की तत्परता से बची ग्रामीण की जान



**नवभारत, गोहपारू।** गोहपारू थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मलमाथर मे आज उस समय हड़कंप मच गया, जब अपने ही खेत में जामुन का पेड़ काट रहे एक युवक के ऊपर विशालकाय पेड़ गिर गया। इस हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे पुलिस की आपातकालीन सेवा डायल 112 ने तत्काल मौके पर पहुँचकर अस्पताल पहुंचाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मलमाथर निवासी भीम सिंह (उम्र 35 वर्ष), पिता सौखीलाल सिंह, आज अपने निजी खेत में लगे एक पुराने जामुन के पेड़ की कटाई कर रहे थे। बताया जा रहा है कि कटाई के दौरान अचानक पेड़ का संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे भीम सिंह के ऊपर आ गिरा। पेड़ के भारी-भरकम तने के नीचे दबने से भीम सिंह को शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं

### देवदूत बनकर पहुंची डायल 112

खेत में काम कर रहे अन्य ग्रामीणों ने जैसे ही यह हादसा देखा, तुरंत इसकी सूचना डायल 112 को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बिना समय गँवाए तत्काल मौके पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद भीम सिंह को पेड़ के नीचे से बाहर निकाला।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार जारी

गंभीर रूप से घायल भीम सिंह को पुलिस वाहन की मदद से तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। डॉक्टरों ने बताया कि युवक को प्राथमिक उपचार दे दिया गया है और उसकी स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है। परिजनों ने पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई और मदद के लिए आभार व्यक्त किया है । घायल: भीम सिंह (35 वर्ष), पिता सौखीलाल सिंह।

चुनाव ▶ राज्य अधिवक्ता परिषद निर्वाचन-2026

# देपालपुर में 90 प्रतिशत मतदान, न्यायालय परिसर बना लोकतांत्रिक चेतना का केंद्र



**नवभारत, धनपुरी देपालपुर।** मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद निर्वाचन-2026 के अंतर्गत देपालपुर न्यायालय परिसर स्थित मतदान केंद्र क्रमांक-85 पर मंगलवार को लोकतंत्र का एक प्रेरणादायी और गरिमामय दृश्य देखने को मिला। अधिवक्ता समुदाय ने अभूतपूर्व उत्साह, अनुशासन और जागरूकता का परिचय देते हुए लगभग 90 प्रतिशत मतदान कर लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी अटूट निष्ठा प्रकट की। पूरे दिन न्यायालय परिसर लोकतांत्रिक चेतना, विधिक मर्यादा और सहभागिता के उल्लास से सराबोर रहा।

मतदान प्रक्रिया प्रातः 10 बजे प्रारंभ होकर सायं 5 बजे तक शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में सम्पन्न हुई। संपूर्ण निर्वाचन कार्यवाही चुनाव अधिकारी एवं जिला न्यायाधीश श्री हिदायत उल्ला खान के कुशल मार्गदर्शन और सतर्क पर्यवेक्षण में विधिवत संपन्न कराई गई। मतदान केंद्र पर पंजीकृत कुल 114 मतदाताओं में से 103 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यह उल्लेखनीय सहभागिता अधिवक्ता समुदाय की लोकतांत्रिक परंपराओं के प्रति सजगता और संवैधानिक दायित्वों के निर्वहन की सशक्त अभिव्यक्ति मानी जा रही है। महिला अधिवक्ताओं ने भी उत्साहपूर्वक मतदान कर अपनी प्रभावशाली भागीदारी दर्ज कराई। निर्वाचन वर्ष 2026 में राज्य अधिवक्ता परिषद हेतु कुल 122 प्रत्याशी मैदान में हैं। प्रत्येक मतदाता को 23 प्रत्याशियों के पक्ष में वरीयता क्रम अनुसार मत अंकित करने का अधिकार प्रदान किया गया था। मतदाता वैध परिचय-पत्र के साथ मतदान केंद्र पहुंचे और निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए शांतिपूर्वक मतदान किया। भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए जिला न्यायाधीश श्री खान के निर्देशानुसार मतदान केंद्र पर कूलर, पंखे, शीतल आरओ पेयजल एवं बैठने की समुचित व्यवस्था की गई थी। स्वास्थ्य संबंधी आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने हेतु चिकित्सकीय दल में सीएचओ पियूष नागदवने, डॉ. विजय गेहलोत, सुश्री कुमुद मिश्रा, मेहरबान सिंह, श्रीमती कौतिका सिवने, कपिल तिवारी एवं मोहम्मद फारूक उपस्थित रहे। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रधान आरक्षक राधेश्याम एवं आरक्षक अमित राजपूत तैनात रहे। पूरे मतदान के दौरान अनुशासन, पारदर्शिता और निर्वाचन की शुचिता का विशेष ध्यान रखा गया। न्यायालय परिसर में लोकतंत्र की गरिमा और विधिक संस्कृति का अनुपम संगम दिखाई दिया। निर्वाचन अधिकारी एवं जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान ने मतदान प्रक्रिया में सहयोग देने वाले न्यायालयीन कर्मचारियों, अधिवक्ताओं, स्वास्थ्य दल, पुलिस बल एवं संबंधित अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अधिवक्ताओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता लोकतांत्रिक मूल्यों में उनके अटूट विश्वास का जीवंत प्रमाण है।



# अमलाई पुलिस की बड़ी कार्रवाई, गांजा, हथियार और कारतूस के साथ 5 तस्कर गिरफ्तार

**नवभारत, शहडोल।** जिले की अमलाई पुलिस को नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने घेराबंदी कर एक स्कॉर्पियो वाहन से अवैध मादक पदार्थ गांजा, अवैध देशी कट्टे और जिंदा कारतूस बरामद करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त सामग्री की कुल कीमत करीब 25 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पेण्ड्रा-अनूपपुर की ओर से एक सफेद स्कॉर्पियो में कुछ लोग अवैध गांजा लेकर शहडोल की ओर आ रहे हैं। सूचना मिलते ही अमलाई पुलिस ने कोतमा-अनूपपुर-शहडोल मुख्य मार्ग स्थित बुढ़ार तिराहा पर नाकेबंदी की। इस दौरान संदिग्ध स्कॉर्पियो (ष्त्र-04-क्क-7577) को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक वाहन लेकर जंगल की ओर भागने लगा। पुलिस टीम ने करीब 300 मीटर पीछा कर वाहन में सवार सभी पांच आरोपियों को दबोच लिया। तलाशी के दौरान वाहन से 1.567 किलोग्राम गांजा, 2 अवैध देशी कट्टे, 2 जिंदा कारतूस, स्कॉर्पियो वाहन, तीन अन्य नंबर प्लेट तथा पांच महंगे एंड्रॉयड व आईफोन मोबाइल फोन बरामद किए गए। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट एवं आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में नशा कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।